## महत्वपूर्ण एवं खास

### रसोईया का मानदेय अब 1500 रूपए प्रति माह

**रायपुर (आरएनएस)।** मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोईयों को अब 1500 रूपए प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोईया मानदेय की राशि 1200 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 1500 रूपए प्रति माह किए जाने की सहमति प्रदान की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी आदेशानुसार यह स्वीकृति वित्त विभाग के द्वारा दी गई सहमति और राज्य स्तरीय संचालन सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक के अनुसार दी गई है।

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव आज सरगुजा प्रवास पर

रायपुर, 02 नवम्बर (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव 3 नवम्बर को सरगुजा प्रवास पर जाएंगे। वे 3 नवम्बर को दोपहर ढाई बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर साढ़े तीन बजे अंबिकापुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### फॉर्च्यून मैटेलिक लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा,गर्म लोहे के नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत

**रायपुर(आरएनएस)।** राजधानी के एक फैक्ट्री में हुये हादसे में काम कर रहे दो मजदूरों की मौत हो गई है। मृतक मजदूरों में एक बिहार और दूसरा मप्र का बताया जा रहा है। घटना धरसीवां थाना क्षेत्र के कपसदा स्थित फॉर्च्यून मैटेलिक लिमिटेड फैक्ट्री की है। बता दें कि हादसा देर रात की है। सोमवार की देर प्रान्त फैक्ट्री में इलेक्ट्रीशियन कपिल कुमार 48 वर्ष और हेल्पर भूपेंद्र पटेल 28 वर्ष काम कर रहे थे। इस दौरान भट्टी में ब्लास्ट हो गया और गर्म लोहे के नीचे दोनों मजदूर दब गये। हादसे में दोनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद अन्य मजदूरों ने इसकी जानकारी धरसीवां पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची हुई है और शव का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि हसौद क्षेत्र निवासी युवक शुभम बंजारे ने 15 साल की लड़की को झांसा देकर अपने प्यार के जाल में फंसाया। इसके बाद दोनों मोबाइल पर बातें भी करने लगे। आरोपी शुभम ने 11 अक्टूबर को लड़की को मिलने के लिए बुलाया और उससे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। साथ ही किसी को बताने से भी मना किया। इसके बाद भी लड़की से आरोपी शुभम बात कर रहा था। लड़की ने व्हॉट्सएप पर उसकी डीपी भी लगा रखी थी। इस बीच परिजनों ने लड़की के मोबाइल में उसकी फोटो देखी तो पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद मामला खुला। लड़की ने परिजनों को दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने की बात बताई। इसके बाद परिजन लड़की को लेकर थाने पहुंच गए।

# बीज निगम के पास रबी फसलों के 1,83,032 क्विंटल बीज उपलब्ध

**» सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र में 47302 क्विंटल बीज भण्डारित » किसानों ने किया 7369 क्विंटल बीज का उठाव**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में रबी फसलों की बुआई का सिलसिला शुरू हो गया है। कृषि विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा रबी फसलों के बीज का भण्डारण सहकारी समितियों में लगातार किया जा रहा है। अब तक सहकारी समितियों, कृषि विभाग, बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं निजी क्षेत्र में रबी की विभिन्न फसलों के 47 हजार 302 क्विंटल बीज उपलब्ध हैं। जिनका वितरण भी किसानों को किया जा रहा है। कृषकों द्वारा अब तक 7369 क्विंटल बीज का उठाव किया गया है।



छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं विकास निगम द्वारा राज्य में किसानों की मांग के अनुसार रबी फसलों के प्रमाणित बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस साल रबी सीजन में दो लाख 90 हजार क्विंटल रबी बीज की डिमांड है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी सीजन 2021-22 में एक लाख 55 हजार क्विंटल गेहूं, 96 हजार 900 क्विंटल चना, 15 हजार क्विंटल मटर, 4 हजार क्विंटल सरसों तथा 59 हजार 100 क्विंटल अन्य रबी फसलों के बीज इस प्रकार कुल 2 लाख 90 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य है। वर्तमान में बीज निगम के पास एक लाख 83 हजार 32 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें गेहूं बीज एक लाख 770 क्विंटल, चना 65020 क्विंटल, मटर 1525 क्विंटल, सरसो 1150 क्विंटल तथा अन्य रबी फसलों के 14 हजार 567 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिनका भण्डारण समितियों में कराया जा रहा है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को अब तक सहकारी समितियों, कृषि विभाग के मिनीकिट एवं अन्य प्रदर्शन, उत्पादन कार्यक्रम तथा निजी क्षेत्र के माध्यम से 2221 क्विंटल गेहूं बीज, 3492 क्विंटल चना बीज, 76 क्विंटल मटर बीज, 1072 क्विंटल सरसो तथा 508 क्विंटल अन्य रबी फसलों के बीज इस प्रकार कुल 7369 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है, जो कि भण्डारण का 16 प्रतिशत है।

### रबी के लिए राज्य के किसानों को 600 करोड़ का ऋण

राज्य शासन द्वारा रबी फसलों की खेती के लिए किसानों को रबी सीजन 2021-22 में 600 करोड़ रूपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को यह ऋण सहकारी समितियों के माध्यम से बिना ब्याज के प्रदाय किया जाएगा। रबी सीजन के लिए सहकारी समितियों द्वारा किसानों को ऋण वितरण की शुरूआत कर दी गई है। अब तक किसानों को 54 करोड़ 15 लाख रूपए का ऋण वितरित किया जा चुका है।

### रबी फसलों के बीज, उर्वरक और पौध संरक्षण औषधियों की जांच का अभियान शुरू

**» खाद-बीज के अमानक नमूनों के लॉट के विक्रय पर प्रतिबंधः संस्थाओं को नोटिस**

कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन में किसानों को प्रदाय किए जा रहे बीज, उर्वरक एवं पौध संरक्षण औषधि की गुणवत्ता की जांच का अभियान सभी जिलों में शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में लगातार बीज, खाद और औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। रबी सीजन 2021 में 31 अक्टूबर की स्थिति में बीज के 2 नमूने तथा रासायनिक उर्वरक के 8 नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनके लाट के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के साथ ही संबंधित फर्मों को कृषि विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी सीजन 2021 में बीज के अब तक 132 नमूने लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए हैं, अब तक विभाग को प्राप्त 49 सैम्पल की जांच में से 2 सैम्पल अमानक पाए गए हैं, 83 सैम्पल की रिपोर्ट अभी प्राप्त होना शेष है। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 158 नमूने विभिन्न संस्थानों से लिए गए हैं। जिसमें से 128 नमूनों की जांच की जा चुकी है। 29 नमूनों की जांच जारी है। रासायनिक उर्वरकों के विश्लेषित सैम्पल में से 120 मानक स्तर के तथा 8 अमानक पाए गए हैं। अमानक बीज एवं खाद के लाट के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिला में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2021-22 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर)के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://mpsc.mp.nic.in/cgpms पर ऑन-लाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण हेतु)01 से 30 नवम्बर 2021 तक ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2021 तक, स्वीकृति आदेश करने की तिथि 01 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2021 तक तथा केवाईसी जमा करने की तिथि 22 दिसम्बर 2021 तक निर्धारित है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2021-22 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑफ लाईन अथवा ऑनलाईन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल एवं स्वीकृति लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

### लाखों के चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 14 ग्राम चरस जब्त

**गरियाबंद (आरएनएस)।** गरियाबंद जिले में पुलिस ने नशा के खिलाफ अभियान चलाकर चेकिंग के दौरान 1 नवंबर की देर शाम पांडुका पुलिस ने कुकमुदिन पिता अब्दुल करीम 30 वर्ष और सत्तार खान पिता सब्दल खान 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 1 लाख 40 हजार कीमती 14 ग्राम चरस के साथ 1 लाख 70 हजार नगद जब्त की है। दोनों आरोपी हरियाणा के सूरजकुंड, फ रीदाबाद इलाके के रहने वाले हैं। इस मामले में बात करते हुए थाना प्रभारी बसंत बघेल ने बताया कि पांडुका के चारधाम चौक के पास चेकिंग के दौरान सफेद रंग के कार क्रमांक एच आर 51 बी वाय 0030 को रोककर चेकिंग किया गया तो, कार में 14 ग्राम चरस रखा हुआ मिला। जिससे आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही में जुटी पुलिस।

## जिला एवं सत्र न्यायालय में चयनित उम्मीदवारों का द्वितीय चरण का शारीरिक परीक्षण 13, 14 एवं 15 नवम्बर को

**रायगढ़ ।** जिला एवं सत्र न्यायालय, रायगढ़ द्वारा सामान्य स्थापना में रिक्त भृत्य (नियमित/कन्टीजेंसी)के पदों की भर्ती के लिए पूर्व में 24 नवम्बर 2019 को संपादित अभ्यर्थियों की प्रथम चरण कौशल परीक्षा उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की द्वितीय चरण शारीरिक परीक्षण का आयोजन 13, 14 एवं 15 नवम्बर 2021 को जिला न्यायालय, रायगढ़ प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया है।

पूर्व कौशल परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर भृत्य के नियमित 02 पद हेतु कुल 538 तथा कंटीजेंसी 04 पद हेतु कुल 192 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण शारीरिक परीक्षण हेतु चयन हुआ है, जिन्हें बुलाए जाने हेतु अनुक्रमांक अनुसार प्रवेश पत्र जारी किया गया है। उक्त चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रवेश पत्र जिला न्यायालय, रायगढ़ के वेबसाईट ecourts. gov.in/ raigarh पर उपलब्ध है।

भृत्य (नियमित) सरल क्रमांक 1 से 260 (अनुक्रमांक 10 से 2173)तक का 13 नवम्बर 2021 को, भृत्य (नियमित) सरल क्रमांक 261 से 538 (अनुक्रमांक 2188 से 3105 ए)तक का 14 नवम्बर 2021 एवं भृत्य (नैमित्तिक) सरल क्रमांक 1 से 192 (अनुक्रमांक 14 से 2083)तक का 15 नवम्बर 2021 को शारीरिक परीक्षण लिया जाएगा। उपरोक्त शारीरिक परीक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थी अपने आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए सभी मूल दस्तावेजों सहित जिला न्यायालय रायगढ़ प्रांगण में प्रातः 9.30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण की कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहे अथवा जिन्हें कोई अंक प्राप्त नहीं हुए उनकी सूची प्रकाशित नहीं की गई है। द्वितीय चरण शारीरिक परीक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं अन्य विवरण वेबसाईट ecourts. gov. in/ raigarh पर उपलब्ध है।

## आयुर्वेद कार्यालय में मनाया गया षष्ठम आयुर्वेद दिवस

**रायगढ़।** धन्वंतरि जयंती के अवसर पर आज शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय, पंजरी प्लांट रायगढ़ में आयुष विभाग द्वारा षष्ठम आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस मौके पर आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में आयुर्वेद फॉर पोषण विषय पर संगोष्ठी तथा कुपोषण संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित की गई।




जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने समुचित पोषण हेतु आयुष विभाग द्वारा वितरित औषधियों एवं आहार-विहार, योग को अपनाने हेतु कहा। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में सहिजन (मुनगा) अश्वगंधा, शतावरी, यष्टिमधु जैसे अनेक औषधिया है, जिनका उपयोग कर स्वास्थ्य संरक्षण कर सकते है।

इस अवसर पर आयुर्वेद और पोषण पर व्याख्यान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ.शेष बहादूर यादव, डॉ.संजीव गुप्ता, डॉ. गुलेश्वरी, डॉ. नीतु देवांगन, डॉ.प्रेमनारायण राठिया द्वारा आयुर्वेद के माध्यम से सुपोषण हेतु उचित आहार विहार योग एवं पंचकर्म पर व्यक्तव दिया गया। डॉ.संजीव गुप्ता द्वारा छ.ग. में मिलने वाले कांदा एवं विविध प्रकार के भाजियों द्वारा पोषण पर जोर दिया गया। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजरी पटेल द्वारा होम्योपैथी के माध्यम से पोषण के बारे में बताया गया।

आयुर्वेद दिवस में महिला एवं बाल विकास से श्रीमती अनिता नायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सुपोषण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार मिलेट्स एवं भोज्य पदार्थो से निर्मित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.प्रशांत सक्सेना ने बताया कि महिला बाल विकास के समन्वित सहयोग से आयुष विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं गर्भवती माताओं एवं किशोरियों के समुचित पोषण हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.अश्वनी शर्मा, डॉ.जी.एस.पटेल, डॉ.व्ही.के.अम्बवानी का विभाग द्वारा शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

## 32 लाख की सोना चोरी का मास्टरमाइंड निकला ड्राइवर

**कोरबा (आरएनएस)।** रायपुर के सराफा कारोबारी की कार से कोरबा में 32 लाख की सोना चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस चोरी का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि कार का ड्राइवर ही निकला।

मिली जानकारी के मुताबिक सराफा कारोबारी का ड्राइवर ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर कार का शीशा तोड़कर गोल्ड चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पूरा जेवर भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच संदेहियों से पूछताछ में पूरा मामले का खुलासा हो गया। पता चला कि जिस कार में आए थे, उस कार का ड्राइवर ही सरगना निकला। जो दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी और घटना को अंजाम दिया था। रतन ज्वेलर्स के 2 कर्मचारी अकाश वालेचा और कार का चालक रवि साहू कोरबा सोने का सेल करने गए थे। कोरबा पुलिस ने रायपुर के कबीर नगर से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी के लगभग सभी जेवर पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## स्वदेशी दिवाली मनाने सेवा भारती रायगढ़ चला रहा अभियान

**» हिन्दू समाज से दीपावली पर अस्थायी दुकानों से पारंपरिक दीपक आदि सामग्री खरीदने का किया जा रहा आह्वान**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** सम्पूर्ण नगर में दीपावली की खरीददारी का वातावरण बनता दिख रहा है, हिन्दू समाज के लिए दीपावली का पर्व विशेष महत्व रखता है, यह पर्व अन्धकार पर प्रकाश की विजय तथा धर्म के पथ पर अग्रसर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के विजय के उल्लास का भी पर्व है। अपने रायगढ़ नगर में भी दीपावली की रौनक अब दिखने लगी है इसी तारतम्य में सेवा भारती की रायगढ़ इकाई ने नगर में सड़कों पर अस्थायी दुकानों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले छोटे दुकानदारों से अधिक से अधिक खरीददारी करने के आग्रह करने का अभियान चलाया, रविवार से प्रारंभ हुए इस अभियान में सेवा भारती के स्वयसेवक एक पोस्टर के माध्यम से इस दिवाली अपनों वाली के थीम पर सड़कों पर पूजन



सामग्री जैसे दीपक, रंगोली, सजावट के सामन आदि बेच रहे छोटे दुकानदारों जिसमें बड़ी संख्या में माताएं थीं के पास पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा जनजागरण हेतु प्रचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा जन सामान्य से इन दुकानों पर जाकर अधिकाधिक खरीददारी करने का आग्रह किया जिससे इन छोटे अस्थायी दुकानों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले बंधुओं माताओं बहनों की दिवाली भी मंगलमय हो, इस विज्ञप्ति के माध्यम से सेवा भारती सभी से स्वदेशी दिवाली मानाने का आह्वान करती है।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर विदेशों में रह रहे छत्तीसगढ़िया लोगों ने अपनी मातृभूमि को किया याद

**एनआरआई समुदाय नाचा ने मनाया छत्तीसगढ़ का 21वां स्थापना दिवसः वैश्विक स्तर पर हुआ भव्य वर्चुअल आयोजन**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के 21वें राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर के अवसर पर एनआरआई समुदाय-नाचा (उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन) ने अमेरिका से वैश्विक स्तर पर एक भव्य वर्चुअल आयोजन किया। इस वर्चुअल आयोजन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और साहित्य से देश-दुनिया का परिचय कराते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया यूरोप, भारत और सिंगापुर से लोगों ने भाग लिया।

इसका लाइव प्रसारण नाचा के सोशल मिडिया चैनल पर किया गया। कार्यक्रम में अमेरिकन राजनीतिज्ञ डेनिस डेविस ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी और अमेरिका में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों के काम की सराहना की । इस वर्ष भारत का 75वां आजादी का अमृत महोत्सव होने के कारण नाचा ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों और उनके योगदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पद्म श्रीमती ममता चंद्राकर भी कार्यक्रम से



जुड़ीं और छत्तीसगढ़ी में गीत की प्रस्तुति दी। वर्चुअल आयोजन में विदेशों में रह रहे छत्तीसगढ़िया लोगों ने अपनी मातृभूमि को याद किया और अपने अनुभव साझा किए।

खैरागढ़ के रोमानिया में भारत के राजदूत राहुल वास्तव ने छत्तीसगढ़ की यादों को साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का खानपान, संस्कृति अनूठी होने के साथ वहाँ पर्यटन की बहुत अधिक संभावना है जिससे हमे दुनिया को बताना चाहिए।

बलौदाबाजार के प्रसिद्ध मास्टर शेफ विजय शर्मा ने अपनी मिट्टी की खुशबू को याद करते हुए कहा कि वे देश विदेश जहां भी जाते हैं, छत्तीसगढ़ का जायका और उसकी खुशबू साथ जाती है। इस तरह विदेशों में रह रहे लोगों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की माटी की महक को दूर दूर तक पहुंचा दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480